महिला की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं) । फलोदी जिले की लोहावट थाना पुलिस ने दिनदहाड़े महिला की हत्या करने के मामले का 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला की हत्या उसके पति ने ही पत्थर काटने की मशीन से महिला की गला काट कर हत्या कर दी थी।

आरोपी अपनी पत्नी के पीहर जाने की बात को लेकर नाराज था। क्योंकि आरोपी की पत्नी लक्ष्मी पीहर जाना चाहती थी। लेकिन पति ने उसकी पत्नी को पीहर नहीं भेजा।

इसी बात को लेकर पप्पू राम और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। इसके बाद पत्थर काटने के ठाइंडर से अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी।

बता दे की 30 जून को थाना क्षेत्र के ग्राम विष्णु नगर लोहावट में पप्पू राम मेघवाल के घर निर्माणाधीन मकान में उसकी पत्नी लक्ष्मी की गला रहती हुई लाश मिली थी। घटना के बाद मृतककर लक्ष्मी के पिता तिलों का राम मेघवाल ने लक्ष्मी के पति के खिलाफ हत्या करने को लेकर मामला दर्ज करवाया था।

इस मामले में पुलिस ने पप्पू राम और उसके परिजनों को हिरासत में लिया तो उन्होंने पुलिस को आत्महत्या की कहानी बात कर गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी पति ने वारदात करना स्वीकार कर लिया।

4 घंटे बाद पुलिस को दी सूचना

आरोपी पप्पू राम ने पत्थर काटने की ठाइंडर मशीन से अपनी पत्नी का गला रेत दिया था। घटना के बाद पप्पू राम अपने पुराने मकान से 100 मीटर की दूरी पर ही था और वहां आकर बैठ गया। एयरप्लेन महिला की हत्या की सूचना किसी को नहीं दी। हालांकि थोड़ी देर बाद आरोपी की 9 साल की बेटी निर्माण कार्य वाले मकान में गई तो अपनी मां की बॉडी को पड़ी देखकर जोर से चिल्लाई।

घटना से अनजान होने का नाटक किया

महिला की हत्या के बाद परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आरोपी घटना से अनजान होने का नाटक करते हुए घटनास्थल पर पहुंचा और घटना के तीन घंटे बाद शाम 7: 30 बजे पर पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। वहीं संदेह के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया। इसमें पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर दिया आरोपी से फिलहाल पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में महिला के खुद ही पत्थर काटने के ग्राइंडर से गला काटने की बात कहकर गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन घटना के बाद पुलिस को चार घंटे बाद सूचना देने और महिला के गले पर निशान के आधार के पर संदेह गहराया।

विद्युत की चपेट से युवक की मौत

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के सूरसागर भूरटिया क्षेत्र में घर पर 11केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक के भाई ने इस बारे में सूरसागर थाने में मर्ग में रिपोर्ट दी।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि मूलतः जैसलमेर के सांकड़ा स्थित जैमला हाल भूरटिया क्षेत्र में रहने वाला कैलाश पुत्र भीखसिंह की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस बारे में उसके भाई नाथूसिंह की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

सवारी की बात को लेकर टैक्सी चालक पर हमला

जोधपुर, (कासं) । डालीबाई मंदिर चौराहा के पास में टैक्सी में सवारी बैठाने की बात को लेकर एक ऑटो चालक पर हमला किया गया। पीड़ित ऑटो चालक ने राजीव गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि मारवाड़ नगर, डालीबाई मंदिर चौराहा के पास रहने वाले मजनूराम मेघवाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह चौराहा के पास में अपनी ऑटो लेकर खड़ा था। तब एक व्यक्ति आया और घर से सवारी लेने की बात की। इतने में अन्य ऑटो चालक रमजान आ गया और बोला की सवारी ले जाने का का नंबर उसका है।

इस पर काफी देर तक विवाद हुआ, आाखिर कर वहां पहुंची सवारी किसी अन्य ऑटो में सवार होकर चली गई। रिपोर्ट के अनुसार शाम को रमजान, साबर खां, अमजद खां आदि लोगों ने परिवादी के साथ मारपीट की जिससे वह जख्मी हो गया।

जनसुनवाई नाम की रही

धोरीमन्ना, (निसं)। धोरीमन्ना ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन कि छोटी मोटी समस्याओं के समाधान को लेकर बाडमेर जिले की समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय पर महिने के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन होना था, लेकिन धोरीमन्ना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सिर्फ नाम की जनसुनवाई रही। जानकारी के अनुसार महिने प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होने थे। जिसमें सभी ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन कि समस्याएं सुनकर उसे निजात देवे। लेकिन ऐसा नहीं होकर धोरीमन्ना ग्राम पंचायत कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान सरपंच, वार्ड पंच,ग्राम विकास अधिकारी नदारद मिले। ग्राम विकास अधिकारी किशनाराम पुनिया से बात कि तो बताया कि मेरे पास दो ग्राम पंचायतों का चार्ज होने के कारण में दुसरी ग्राम पंचायत में जनसुनवाई कर रहा हूं । सरकार एवं जिला प्रशासन ने ऐसे नियमों कि पालना नहीं करने वालो कि खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो आमजन को दर दर भटकने के साथ अपनी समस्याओ से कैसे निजात मिलेगा।

आंधी आई

बाप, (निसं)। भीषण उमस से लोग बेहाल है। आसमान में नजर आते बादल बरस नही रहे है। पंखे व कुलर से भी उमस से राहत नहीं है। लोग चिपचिपे पसीरे से तरबतर नजर आ रहे है।

अतिक्रमणों पर कार्रवाई की

जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कई जगह अतिक्रमण हटाए।

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार सघन अभियान चलाते हुए जोनवार विभिन्न स्थानों पर सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को दस्ते ने विवेक विहार सेक्टर एच से मुख्य बाईपास रोड एवं झालामण्ड चौराहा से बीआरओ बाईपास, हाईकोर्ट होते हुए शताब्दी सर्कल तक सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों को हटाया।

जेडीए सचिव डॉ. हरीतिमा के आदेश अनुसार पुलिस निरीक्षक जोगेन्द्रसिंह चौधरी के निर्देशन में अतिक्रमण दस्ते द्वारा विवेक विहार सेक्टर एच से मुख्य बाईपास रोड एवं झालामण्ड चौराहा से बीआरओ बाईपास, हाईकोर्ट होते हुए शताब्दी सर्कल तक मौका निरीक्षण कर मुख्य सडक भाग के दोनों तरफ एवं फुटपाथ पर अनाधिकृत एवं अवैध रूप से लगे साईन बोर्ड, सब्जियों की अस्थायी दुकानें, दुकानों के आगे रखा सामान, चाय स्टेण्ड, लोहे की फ्रेमें, केबिन, तिरपाल, ठेला, पत्थर के स्टेण्ड व चबूतरियां, सिरकियों के छप्परें इत्यादि अस्थायी अतिक्रमणों को जेसीबी व 2 ट्रैक्टर की सहायता से हटाया।

दस्ते ने कार्यवाही के दौरान दो टैऊक्टर सामान जब्त करते हुए सडक मार्गाधिकार को अतिक्रमण मुक्त कर आवागमन के लिए सुचारू करवाया, साथ ही मौके पर उपस्थित दुकानदारों व संचालकों को सख्त हिदायत दी गयी कि अतिक्रमण मुक्त सडक सीमा में किसी प्रकार से पुनः अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें।

नैत्र जांच शिविर आयोजित



जालोर में जिला परिवहन विभाग ने वाहन चालकों के लिए नैत्र जांच शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला सडक सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में जिला कलक्टर द्वारा दिये गये निर्देशों की अनुपालना में जिला प्रशासन, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भीनमाल रोड़ स्थित यातायात पुलिस थाना में बालवाहिनी वाहन चालकों एवं अन्य वाहन चालकों की नैत्र जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय ने बताया कि उक्त शिविर में 106 बालवाहिनी एवं अन्य वाहन चालकों का नैत्र परिक्षण किया गया। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय, परिवहन निरीक्षक मनीष माथुर, नेत्र चिकित्सक सुनीता मीणा, हैड कॉनिस्टेबल ठाकराराम, नरपतसिंह एवं आखों की जांच के लिए आये वाहन चालक मौजुद रहे।

एटीएम व बैंक के नहीं है सुरक्षागार्ड

बाप, (निसं)। बाप कस्बे में यूको बैंक का एटीएम बीती देर रात बदमाश उखाड कर ले गए। बदमाश एटीएम को उखाडने के बाद उसे गाडी में डाल कर लेकर गये है। एटीएम में 7 लाख 64 हजार पांच सौ रूपये भरे थे। सूचना मिलने पर बाप पुलिस सहित फलौदी से पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अज्ञात चोरो की तलाश मे जुट गई है। चोरी की घटना देर रात 3 से साढे तीन बजे के बीच की है। बाप में एटीएम चोरी की यह पहली बडी घटना है।

बाप कस्बे में युको बैंक की शाखा कानासर चौराहा पर है। बैंक के पास ही सटी एक दुकान में एटीएम रखा हुआ है। बीती देर रात करीब 3 से 3.30 बजे के बीच बदमाशो ने एटीएम को अपने साथ लाये वाहन से बांध उखाड दिया। एटीएम के मॉनीटर को तोड अलग कर वही फेंक दिया। बाकी एटीएम गाडी में डाल ले गए। एटीएम उखाडने से पहले शातिर बदमाशो ने बैंक के बाहर व एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरो पर काले रंग का स्प्रे कर दिया, ताकि घटना कैमरे में कैद नही हो। पुलिस ने आसपास लगे कैमरो को खंगाला। उसमें एक संदिग्ध गाडी वंहा आते हुए दिखी। उसमें कितने बदमाश आये यह फिलहाल पता नही चल पाया है।

सहायक कर्मचारी कैलाश गोस्वामी गुरूवार सुबह सवा आठ बजे बैंक पहुंचा तो एटीएम का शटर नीचे था। जिससे उसे कुछ शक हुआ। पास जाकर देखा तो बाहर कांच बिखरा हुआ तथा बरामदे का फर्श भी कुछ टुटा हुआ मिला। जिस पर उसे अनहोनी का शक हुआ। गोस्वामी ने शाखा प्रबंधक राहुल रॉय को फोन कर बताया। शाखा प्रबंधक के कहने पर गोस्वामी ने शटर उपर किया तो अंदर एटीएम नहीं था। केवल टुटा हुआ मॉनिटर ही पडा था।

सूचना मिलते ही बाप थाना से मुख्य आरक्षी राजेंद्रसिंह सिंह मय जाप्ता बैंक पहुंच गए। फलोदी से एएसपी विक्रमसिंह तथा वृताधिकारी वृत फलोदी आयुष वशिष्ठ भी बैंक पहुंचे तथा मौका मुआयना किया।

पुलिस ने लुटेरी दुल्हन व साथी महिला पकड़ी

जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने लुटेरी दुल्हन मामले में आरोपियों को गिरपतार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पूलिस ने गुरुवार को लुटेरी दुल्हन द्वारा शादी का ढोंग रचकर धोखाधड़ी कर 24 लाख रूपये व 05 लाख के गहने हडपने में फरार दुल्हन सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार दिनेश कुमार पुत्र नवाराम जाति माली निवासी अशोक नगर जसंवतपुरा रोड भीनमाल ने पुलिस थाना भीनमाल पर एक रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी शादी चंदा कुमारी पुत्री रमेश कुमार जाति माली निवासी पोसालिया पुलिस थाना पालडी एम जिला सिरोही के साथ हिन्दु रिति-रिवाजोनुसार हुई थी।

उस समय हमारे शादी के नाम पर 24 लाख रूपये व 05 लाख रूपये के गहने दिये थे, दुल्हन चंदा भीनमाल में दो तीन दिन तक रही फिर यहां से भाग जाना फिर वापस ससुराल ले जाने पर वापस नही आना जो उसके के साथ अमानत में खयानत, धोखाधडी कर रूपये व जेवरात हडप कर ले लेना वगैरा रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

भीनमाल पुलिस उप अधीक्षक अन्नराजसिंह के सुपरविजन में गठित पुलिस टीम मय जाब्ता द्वारा प्रकरण में शरीक मुलजिमा की दस्तयाबी हेतु मुलजिमानों के संबन्ध में आवश्यक सूचना प्राप्त कर मुलजिमा चंदा कुमारी व पुष्पादेवी को दस्तयाब कर पुछताछ की गई तो उपरोक्त दोनों मुलजिमा द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी दुल्हन चंदा कुमारी पत्नी दिनेश कुमार पुत्री रमेश कुमार, पुष्पा पत्नी रमेश कुमार जातियान माली निवासीयान रतन सागर पोसालिया पुलिस थाना पालडी एम जिला सिरोही को गिरफ्तार किया गया। मुलजिमा से प्रकरण में अग्रीम अनुसंधान व गहनता से गहनों व रूपये के बारे में पुछताछ जारी है।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा

बाड़मेर। जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कॉन्फ्रेंस हॉल में ज़िले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु महत्त्वपूर्ण अंतरविभागीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से डेंगू, मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन के मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु वृहद स्तर पर एंटी लारवा गतिविधियां करवाई जाए। आवश्यकता अनुसार फॉगिंग, टेमीफॉस और एमएलओ का छिडकाव करवाया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मलेरिया के अधिक खतरे वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर बचाव हेतु सघन रूप से कार्य करें। स्वास्थ्य सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मिशन मोड में कार्य करते हुए लगातार फील्डविजिट कर मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु किए जा रहे कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों का फैलाव रोकने हेतु सभी विभाग सतर्क रहकर कार्य करें। बरसात के दिनों में जल भराव के खतरे वाले क्षेत्रों पर विशेष रूप से ध्यान दें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी अपने खंड में मेडिकल अधिकारियों एवं एएनएम स्तर तक बैठकें लेकर स्थिती की निरन्तर एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करें। ज़िला कलेक्टर ने कहा की मौसमी बीमारियों के रोकथाम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलेक्टर ने कहा कि मलेरिया के अत्यधिक खतरे वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां वृहद स्तर पर फोगिंग की जाए। इस हेतु आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त उपकरणों के खरीद आरएमआरएस के माध्यम से की जाए। ब्लॉक स्तर पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरींग की जाए ताकी किसी भी क्षेत्र में फोगिंग के अभाव में मौसमी बीमारियां ना फैलें।

ओम बिडला को दी बधाई

पाली। माहेश्वरी महोत्सव समिति पाली के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के विमल मूंदड़ा ने लोकसभा अध्यक्ष कोटा के सांसदओम बिरला के पुनः लोक सभा अध्यक्ष बनने पर दिल्ली निवास स्थान जाकर बिडला को बधाई दी एवं समय-समय पर पाली शहर में पानी की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया एवम पाली आने का निमंत्रण दिया।

आचार्य महाप्रज्ञ की 105 वीं जन्म जयंती मनाई

पाली के अनुभव स्मारक में आचार्य महाप्रज्ञ की 105 वीं जन्म जयंती पर कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। अनुभव स्मारक में मुनि सुमति कुमार ठाणा 3 के सानिध्य में आचार्य महाप्रज्ञ की 105 वीं जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुनि सुमति कुमार द्वारा नमस्कार महामंत्र से हुई।

मुनि देवार्य मुनि ने हमें बताया कि जन्मदिन उत्सव के रूप में इसलिए मनाया जाता है कि हम उनके किये कार्यों को याद करते हुए जीवन सही तरिके से जीना और आगे बढ़ना सीख सकें।

आचार्य महाप्रज्ञ के आयाम के बारे में बताया। प्रेक्षा ध्यान और महाप्राण ध्वनि के महत्व को समझाया। मुनि श्री ने फरमाया की महाप्राण ध्वनि सिर्फ बच्चों के लिए नहीं हम सभी बड़ों के लिए भी लाभकारी है। मुनिश्री देवार्य ने आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के व्यक्तित्व के बारे में फरमाया। आचार्य के व्यक्तित्व की ऊंचाई और गहराई अमाप्य थी। आचार्य महाप्रज्ञ के साहित्य मानव जाति के लिए वरदान है।

मुनि सुमति कुमार ने फरमाया आचार्य महाप्रज्ञ को गुरु का वात्सल्य प्राप्त था एवं आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी अपने गुरू आचार्य तुलसी के प्रति पुर्ण समर्पित थे। मुनिश्री ने आचार्य श्री महाप्रज्ञ के बचपन के दृष्टांत को बताते हुए बताया कि उनका बचपन का नाम नथमल था और वे बहुत ही सरल, शांत स्वभावी एवं समझदार थे। उनके दीक्षा गुरु आचार्य कालूगणी थे एवं शिक्षा गुरु आचार्य तुलसी थे। मुनि नथमल संस्कृत के बहुत ही अच्छे विद्वान् थे। आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के प्रवचन शैली में अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय था। आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी दिव्य पुरुष थे

विश्व के महान दार्शनिक, प्रज्ञा के अक्षय भंडार, प्रेक्षा ध्यान पद्धित के अनुसंधान कर्ता,तेरापंथ धर्म संघ के दशम अधिशास्ता, युग प्रधान आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी के 105वी जन्म जयंती पर पूरा तेरापंथ समाज उनको वंदन करता हुआ श्रदा सुमन अर्पित करता है। आपके दिए हुए अवदान मानव जाति के लिए युगों युगों तक अपना आलोक बिखरते रहेंगे।

महिला मंडल की अध्यक्ष सुषमा डागा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ जी एक चुम्बकीय व्यक्तित्व के धनी थे और वे अज्ञ, विज्ञ और प्रज्ञ पुरुष थे और उनका गुरु प्रबल था। राहुल बालड ने अपने भाव गितिका के माध्यम से प्रकट किए।

सभा के सदस्य महेंद्र चौपड़ा ने भी अपना व्यकतव्य रखते हुए कहा कि आचार्य महाप्रज्ञ ग्रंथों से घिरे एक निग्रन्थ संत थे जिनके लिए कहा जा सकता है कि शताब्दियों के बाद ही ऐसे महापुरुष का जन्म होता है। तेरापंथ सभा, युवक परिषद एवं महिला मंडल सभी की सहभागिता रही और लगभग 150 व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

सेवा पृथक्करण आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय की एकल पीठ के न्यायाधीश विनित कुमार माथुर ने नगर निगम बीकानेर में सर्वेयर के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार के 18 जून 2024 के सेवा पृथक्करण आदेश पर आगामी तारीख पेशी तक रोक लगायी।

नगर निगम बीकानेरने अनुबंध के आधार पर कार्य करने के लिये एक 16 सितंबर 2020 को एक विज्ञप्ति जारी की। इस विज्ञप्ति के तहत प्रार्थी की नियुक्ति सर्वेयर के पद पर 6 जनवरी 2021 के आदेश से की गयी। प्रार्थी द्वारा 6 जनवरी2021 के बाद निरन्तर सर्वेयर का कार्य कर रहा था। नगर निगम बीकानेर द्वारा उसकी कार्यावधि प्रत्येक वर्ष बढ़ायी जा रही थी। सात जुलाई 2023 से उसकी कार्यवधि आगामी आदेशों तक बढ़ा दी गयी थी। नगर निगम बीकानेर द्वारा उसके पक्ष में समय समय पर अनुभव प्रमाण पत्र भी जारी किये गये। राज्य सरकार द्वारा 24 जनवरी 2024 को एक आदेश जारी कर सभी संविदा पर लगे सेवानिवृत कर्मचारियों को हटाने का आदेश दिया गया। इस आदेश में यह स्पष्ट उल्लेखित था कि सेवानिवृति पश्चात् पुनः नियुक्त कर्मचारियों को जो राज्य सरकार के अधीन या स्वायत्तशासी संस्थाओं या निकायों में लगे हैं उन्हें तुरन्त हटाया जाये। आयुक्त, नगर निगम बीकानेर ने राज्य सरकार के इस आदेश के अनुसरण में 18 जून 2024 को प्रार्थी को भी हटा दिया।

आयुक्त, नगर निगम बीकानेर के इस आदेश से व्यथित होकर प्रार्थी ने एक रिट याचिका अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की। प्रार्थी के अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि राज्य सरकार का आदेश पुनः नियुक्त कर्मचारियों के लिये था जो पूर्व में सेवानिवृत हो चुके हैं जबकि प्रार्थी ना तो सेवानिवृत कर्मचारी है ना ही पुनः नियुक्त कर्मचारी है, इसलिये राज्य सरकार का यह आदेश उस पर लागू नहीं होता। प्रार्थी की तो यह प्रथम नियुक्ति है जो अनुबंध के आधार पर सर्वेयर के पद पर की गयी है। साथ ही प्रार्थी का आदेश नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के भी विपरित है। सेवा पृथक्करण आदेश जारी करने से पूर्व उसे सुनवाई का अवसर भी प्रदान नहीं किया गया है। प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की एकल पीठ के न्यायाधीश विनित कुमार माथुर ने नगर निगम, बीकानेर में सर्वेयर के पद पर कार्यरत मुकेश कुमार के सेवा पृथक्करण के 18 जून 2024 के आदेश पर रोक लगाते हुए सचिव, स्वायत्त शासन विभाग व आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर को नोटिस जारी कर जबाब तलब किया।

पुष्प अर्पित

जालोर, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद उद्यान नगर परिषद जालौर में किया गया।

संस्था नगर महामंत्री योगेश खत्री ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला कलक्टर, जालोर (राज.)

क्रमांक/लेखा/बोली/2024/686 दिनांक: 04.07.2024

खुली निविदा सूचना

इस कार्यालय में फोटो कॉपी कार्य हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से सील बंद लिफाफे में बोली दर निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है।

क्र.स.	विवरण	अनुमानित लागत	UBN No.
1.	फोटो कॉपी कार्य	250000/-	CJL2425SSLB00004

उक्त बोली के संबंध में अन्य शर्ते/दस्तावेज राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर
जालोर

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा (जालोर)

टेलिफोन नम्बर 02973-223100 Email- mdm223100@gmail.com

क्रमांक-जिशिअ/ मुप्राशि/जा/लेखा/2024-25/965 दिनांक 04/07/2024

ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक 01/2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय कार्यालय एव ब्लॉक कार्यालयो में निम्नांकित सेवाओ के लिए श्रम विभाग मे पंजीकत प्लेसमेंट एंजेन्सी निविदादाताओं/ फर्मो से मोहरबंद लिफाफे में निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र हेतु संबधित वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

क्र. स.	प्लेसमेंट एजेन्सी सेवाओ का विवरण एवं जिला कार्यालय एवं प्रति ब्लॉक कार्यालय मे पदो की संख्या		अनुमानित वार्षिक आय	निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिग शुल्क	धरोहर राशि	निविदा विक्रय प्रारम्भ तिथि एवं जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
1.	MAN WITH MACHINE	6	7.00 लाख	500/-	35000/-	04.07.2024 10.07.2024 12.00 PM तक	10.07.2024 समय 3.00 PM

NIB No. - RSE2425A0171 UBN No. RSE2425SSOB00470

जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा जालोर